तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में भव्य वार्षिकोत्सव



## खबर संक्षेप

### पीएचसी में उपलब्ध हों 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं

**बैकुण्ठपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो ने कलेक्टर को पत्र लिखकर उक्त सुविधा की मांग की है। पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर 10 से 4 बजे तक की खुलता है, इससे शाम के समय गर्भवती महिलाओं एवं सामान्य अन्य मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कलेक्टर को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि यदि तीन दिवस में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में 24 घंटे स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो मेरे व स्थानीय लोगों के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर में तालाबंदी किया जाएगा।



### निकाय कर्मियों को चार माह से नहीं मिला वेतन



**बैकुण्ठपुर।** नगरीय निकाय के नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने चार माह से वेतन भुगतान नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम मनेन्द्रगढ़ को ज्ञापन सौंपकर तत्काल बकाया वेतन जारी करने की मांग की है। सीएम के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत झगराखांड़ एवं नगर पंचायत नई लेदरी में कार्यरत कर्मियों को विगत 4 माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि इस दौरान कर्मी सौंपे गए सभी दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। लगातार कई माह का वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है, इससे मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि जल्द से जल्द बकाया वेतन भुगतान किए जाए। ज्ञापन सौंपेने के दौरान तरंग मित्तल, आकाश केशरवानी, जगबीर मिंज, निर्मला उपाध्याय, राकेश कुमार, रमाकांत साहू, गौतम, सोहन, सरोज सिंह शामिल रहे।

### दुकान के सामने शराब पिलाने वाला गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत बीती रात पुलिस ने ग्राम कटकोना में दबिश देकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने दुकान के सामने कुछ व्यक्तियों को शराब पिला रहा था। मुखबीर की सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने मौके से अंग्रेजी शराब और डिस्पोजल गिलास जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 1 मई की रात गश्ती ड्यूटी पर निकले आरक्षक व सहायक उप निरीक्षक नईम खान के नेतृत्व में आरक्षक अखिलेश जायसवाल, मो. आजाद एवं सैनिक प्रमोद साहू ग्राम कटकोना व जरौंधा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान कटकोना से मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम निवासी सालिक राम अपने दुकान के सामने बैठाकर लोगों को शराब पिला रहा है। पुलिस टीम गवाह दीपक और परमेश्वर को लेकर बताए स्थान पर पहुंची, जहां पुलिस को देखकर शराब पीने वाले लोग भाग खड़े हुए। मौके पर मौजूद सालिक राम को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से शराब का पास या परमिट के संबंध में पूछताछ की, जिस पर उसने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी सालिक राम पिता स्व. जगतपाल सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी कोदवारीपारा कटकोना को धारा 94 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## बदला मौसम का मिजाज, बारिश से जनजीवन प्रभावित

# तेज आंधी से नेशनल हाइवे पर गिरा पेड़



सड़क पर गिरा पेड़।



क्षेत्र में हो रही बारिश।

**बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र सहित पूरे जिले में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बीते चार दिनों से प्रतिदिन दोपहर बाद तेज आंधी, बिजली की चमक और झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है, इससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।

शनिवार को एनएच 43 पर ग्राम बेलबहरा के निकट एक बड़ा पेड़ तेज हवाओं के चलने के दौरान अचानक गिर गया। इस दौरान उक्त स्थल पर किसी की आवाजाही नहीं हो रही थी, इस कारण बड़ा हासदा टल गया। बाद में सड़क पर गिरे विशाल पेड़ को हटाया गया, इसके बाद आवागमन सुचारू गति से शुरू हो सका। एनएच 43 पर बड़ा पेड़ गिरने के बाद काफी देर तक चार पहिया वाहनों की आवाजाही बंद रही। मौसम विभाग के अनुसार यह मौसम परिवर्तन हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आ रही नमी के कारण हो रहा है। दोनों के संयोजन से वायुमंडलीय अस्थिरता बढ़ी है, इसके परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर पर तूफानी हवाएं, गरज-चमक के साथ बारिश और कहीं ओलावृष्टि भी देखने को मिली है। जिले के खोंगापानी, चिरमिरी, भरतपुर और झगराखांड़ में तेज हवाओं ने कई पेड़ों को गिरा दिया, वहीं कुछ कच्चे घरों और दुकानों की छतों को नुकसान पहुंचाया हैं। खेतों में खड़ी फसलों, शेष पेज 4 पर

### दोपहर बाद मौसम का बदला मिजाज, किसानों ने जताई चिंता

**सोनहत।** क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से तेज धूप और गर्मी के बीच दिनभर का मौसम सामान्य बना रहा, लेकिन दोपहर लगभग 3 बजे के बाद आसमान में अचानक बादल छा गए। इसके साथ ही तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी ने पूरे क्षेत्र को ठंडक का एहसास कराया। मुख्यालय सोनहत में देर शाम तक केवल हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली, जबकि कैलाशपुर के जंगल क्षेत्रों से लेकर घूघरा, कटगोड़ी, शिवघाट सहित आसपास के ग्रामों में हल्की बारिश और हवाओं की स्थिति बनी रही। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। सुबह तेज धूप और दोपहर बाद बारिश और तेज हवाओं की स्थिति ने ग्रामीणों विशेषकर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों का कहना है कि इस तरह का अस्थिर मौसम खेती-किसानी के लिए अनिश्चितता लेकर आता है और आगामी फसलों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि यदि यह मौसमी बदलाव लंबा खिंचता है तो कृषि वैज्ञानिकों की मदद से मार्गदर्शन और जरूरी सलाह उपलब्ध कराई जाए।



### प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

जिला प्रशासन ने मौसम को देखते हुए सभी तहसीलों और ग्राम पंचायतों को अलर्ट पर रखा है। लोगों को सलाह दी गई है कि खराब मौसम के दौरान बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें, खेतों में अकेले न जाएं और सुरक्षित स्थानों में शरण लें। बारिश और तूफान के चलते स्कूली बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा हैं। कुछ स्थानों पर उपस्थिति कम दर्ज की गई, वहीं कई निजी संस्थानों ने समय से पहले छुट्टी दे दी। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 से 48 घंटे तक इसी तरह की स्थिति बनी रह सकती है, उसके बाद मौसम सामान्य होने के आसार हैं।



फाइल फोटो

# पानी बहाने से मना करने पर युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के ग्राम सेंधा में पानी की बर्बादी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित रमेश कुर्रे ने अपने बड़े भाई राजेश कुर्रे और भाभी रेखा कुर्रे पर गाली-गलौच कर मारपीट का आरोप लगाया है।

■ भाई-भाभी पर अपराध दर्ज

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रमेश कुर्रे ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसके भाई ने पीएचई का मोटर चालू कर पाइप खुला छोड़ दिया था, जिससे अनावश्यक रूप से पानी बह रहा था, जब रमेश ने अपने पिता से इस बारे में बात की, तो उसकी भाभी रेखा नाराज हो गई और गाली-गलौच करने लगी। विरोध करने पर राजेश और रेखा दोनों ने मिलकर रमेश के बाल पकड़कर पटक दिया और हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके बाएं कंधे और होंठ में गंभीर चोटे आई। पीड़ति के पिता हरि कुर्रे और माता गनेशिया ने घटना को देखा और बीच-बचाव किया। मामले की जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण (एक्स-रे)में चोट को गंभीर बताया गया है। जांच पूर्ण होने के बाद राजेश कुर्रे व रेखा कुर्रे के खिलाफ थाना पोड़ी में धारा 296, 117 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

प्राथमिक जांच रिपोर्ट चौकी नागपुर से प्राप्त कर मुख्य थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 19/2025 के तहत दर्ज की गई। मामले की विवेचना जारी है।

# वेस्ट चिरमिरी में गंदगी का अंबार निगम-एसईसीएल ने झाड़ा पल्ला



### स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

**वेस्ट चिरमिरी।** क्षेत्र इन दिनों गंदगी के चलते नारकीय स्थिति में तब्दील हो चुका है। चारों ओर फैली गंदगी, जाम नालियां और बारिश का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसना आम बात हो गई है, इसके बावजूद नगर पालिक निगम चिरमिरी और एसईसीएल दोनों ही जिम्मेदार संस्थाएं आंखें मूंदे बैठी हैं।

नगर निगम के पास सफाई के लिए नियुक्त अमला क्षेत्र में नाम मात्र की भी स्वच्छता नहीं कर पा रहा है। वहीं एसईसीएल द्वारा करोड़ों रूपए की लागत से ठेका देकर स्वच्छता का कार्य करवाने का दावा तो किया गया, लेकिन धरातल पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार ने राजनीतिक संरक्षण के बल पर भुगतान तो पूरा ले लिया, लेकिन काम नहीं किया। बारिश ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया है। नालियों की सफाई नहीं होने से वे कचरे से पट गई हैं। पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं होने से गलियों और शेष पेज 4 पर

### पीएमश्री सेजेस में प्रवेश के लिए आवेदन 5 तक

**अम्बिकापुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज में नवीन सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल से प्रारंभ होकर 5 मई तक भरे जाएंगे। कक्षा पहली से 8वीं के लिए रिक्त सीट से अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा जिसकी तिथि 10 मई निर्धारित है। कक्षा 9वीं से 12वीं में प्रवेश लिखित परीक्षा के माध्यम से लिया जाएगा जिसकी तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। जो विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्म नहीं भर पाए हैं वें विद्यालय में आकर ऑफ लाइन फॉर्म भर कर भी जमा कर सकते हैं।

# नवनिर्मित परशुराम चौक का महापौर राय ने किया लोकार्पण

**डोमनहिल।** ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव इस वर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह विधिवत पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों से हुई। इसमें समाज के विप्रजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर नवनिर्मित भगवान परशुराम चौक का उद्घाटन फीता काटकर किया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय में उत्साह की लहर दौड़ गई। ब्राह्मण समाज चिरमिरी के अध्यक्ष हरिकांत अग्निहोत्री ने स्वागत भाषण में कहा कि समाज को सशक्त बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सभी सदस्यों का योगदान है। उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश इस आयोजन में शेष पेज 4 पर

# घर का ताला तोड़कर सामान पार, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत चौकी पोड़ी बचरा क्षेत्र के ग्राम चिरमी सड़कपारा में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रूपए के घरेलू व आभूषण सामग्री की चोरी कर ली। मामले में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है।

■ परिवार के लोग गए थे शादी में शामिल होने

मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती ममता यादव अपने पति के साथ 29 अप्रैल को अपने नाना रामसुभग यादव, निवासी मेण्ड्रा थाना सोनहत के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। घर से निकलते समय उन्होंने दरवाजे में ताला लगाया था, जब वे 30 अप्रैल को वापस लौटे, तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता ने बताया कि उनके घर से काश के थाली 6 नग, लोटा 6 नग, परात 2 नग, साड़ी 5 नग, गैस चूल्हा 1 नग, चांदी की पायल 1 जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र लॉकेट 1 नग, धान 3 बोरी, चावल 25 किग्रा, डेगची और कड़ाही 2 नग चोरी हो गए हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 24,900 रूपए आंकी गई है।

घटना की जानकारी सबसे पहले उनके पति सतेन्द्र यादव, गोलू यादव, भोलू यादव तथा सीता शरण चौहान ने मौके पर पहुंचकर दी और घर की हालत देखकर पुलिस को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी पोड़ी बचरा द्वारा प्रारंभिक जांच के बाद मामला थाना बैकुंठपुर को अग्रेषित कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेरहमी से युवक को पीटते पुलिस का वीडियो वायरल

**बिजुरी।** क्षेत्र थाने में पदस्थ चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक युवक के साथ सार्वजनिक स्थल पर बेरहमीपूर्वक मारपीट किए जाने का वीडियो 2 मई को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने मामले को गंभीरता से लेकर वीडियो में नजर आ रहे चार पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर, मामले की जांच का आदेश दिया गया, जो अब शुरू है। जानकारों द्वारा उक्त वीडियो को बीते वर्ष 2024 अक्टूबर महीने के नवरात्रि के दौरान का बताया जा रहा है। इसमें बिजुरी के मनेन्द्रगढ़ तिराहे के पास सार्वजनिक स्थल पर चार पुलिसकर्मी एवं वाहन चालक द्वारा एक युवक को पकड़कर बर्बरता पूर्वक लाठी से पीटते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा सहायक उप निरीक्षक कमलेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सतीश मिश्रा, आरक्षक नरेन्द्र जाट और लक्ष्मण डांगी को लाइन अटेच कर दिया है और इस मामले की जांच प्रारंभ की गई है। इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी द्वारा बताया गया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उक्त घटना में शामिल निजी वाहन चालक के विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

**चार पुलिसकर्मी लाइन अटैच**

### कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

# अब तक 49 हजार आवेदन निराकृत, समाधान शिविर कल से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैकुंठपुर

राज्य सरकार के सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत कोरिया जिला में समाधान शिविरों का तृतीय चरण 5 मई से प्रारंभ होने जा रहा है, इससे पहले शनिवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्टरेट सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के माध्यम से आम जनता को समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान मिलेगा और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप और पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता के साथ सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। सुशासन तिहार इसी उद्देश्य को साकार करने का माध्यम है। जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल के बीच आयोजित हुआ, जिसमें जनता से 63,532 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 62,446 आवेदन मांग आधारित और 1,086 शिकायतों से संबंधित थे। अब-तक 49,182 आवेदनों यानी 77 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। तृतीय चरण के अंतर्गत 5 से 31 मई तक जिले में 17 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, नगर पंचायत शिवपुर-चरचा और पटना में एक-एक शिविर लगेगा। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में 10 व सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्र में शेष पेज 4 पर



बैठक लेती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________________
पिता/पति________________________ जन्म तिथि________________
वर्ग अनुज जाति____________अनु जाति____________ अन्य पि. वर्ग____________
सामान्य____________पत्र व्यवहार का पता________________________
________________________ पिन कोड____________
मो. नं.________________________बाट्सअप नं________________________
पालक का मो. न________________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक____________ कुल प्रतिशत____________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.____________
हस्ताक्षकर________________________ पालक का हस्ताक्षर________________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### बीएड अर्हताधारी शिक्षकों की मेहनत को मिला सम्मान, कैबिनेट मंत्री से की भेंट

**बिश्रामपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़े फैसले से उत्साहित बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों ने शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से उनके गृहग्राम वीरपुर में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षक प्रयोगशाला पद पर समायोजन के ऐतिहासिक निर्णय पर आभार प्रकट किया। बता दें कि सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत नियुक्त इन शिक्षकों की सेवाएं पहले समाप्त कर दी गई थी जिससे हजारों शिक्षकों में निराशा का माहौल था, लेकिन लंबी प्रतीक्षा, विरोध और संवाद के बाद सरकार ने उनकी पीड़ा को समझते हुए सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के रूप में समायोजन का निर्णय लिया, इससे 2621 बीएड धारक शिक्षकों को फिर से सम्मान और स्थायित्व मिला। कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने भी शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार संवेदनशील है और योग्यताओं को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा।

### किसान क्रेडिट के माध्यम से उर्वरक धान बीज का उठाव करें सुनिश्चित

**सूरजपुर।** खरीफ मौसम हेतु जिले के कृषकों के लिए बीज एवं उर्वरकों की आवश्यकता को देखते हुए सहकारी समिति में उर्वरकों एवं बीजों का अग्रिम भण्डारण व उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। जिले अंतर्गत सभी सहकारी समितियों में अभी तक संशोधित, उन्नत किस्म के धान बीज का 4495.50 क्विंटल लक्ष्य के विरूद्ध 900 क्विंटल भण्डारण किया गया है तथा उर्वरक अंतर्गत 26360 मीट्रिक टन लक्ष्य के विरूद्ध 4115 मीट्रिक टन भण्डारण किया गया है। जिसका वितरण कृषक को कराया जा रहा है। जिला प्रशासन की जिले के समस्त कृषकों को जल्द से जल्द अपने नजदीकी सहकारी समिति में जाकर किसान क्रेडिट के माध्यम से उर्वरक एवं धान बीज का अग्रिम उठाव सुनिश्चित करने की बात कही है ताकि खेती के समय सुनिश्चित रहें।



### सेवानिवृत हुए प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**केदमा।** पूर्व माध्यमिक शाला केदमा के प्रधान पाठक अयोध्या प्रसाद सोनवानी आज सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर आज तीनों संकुल केदमा,केसमा, शायर ने मिलकर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। तीनों संकुल के शिक्षक सहित क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर श्री सोनवानी ने कहा की एक वो समय था जब नौकरी मिलने की खुशी कुछ कर गुजरने का जुनून था और एक आज वह दिन है जब अपने कार्य से मुक्त होने तथा अपनों को खोने का दुख है। कार्यक्रम को एपी सोनी, रामलाल सिंह सहित अन्य शिक्षको ने भी सम्बोधित किया। सेवा निवृत शिक्षक को संकुल एवं शिक्षकों की तरफ से श्रीफल, साल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक रामलाल सिंह, प्रधान पाठक एपी सोनी, सुशीला ठाकुर, केवल किस्पोट्टा, नान साय मिंज, सूचित सिन्हा, जगदीश प्रसाद सनमानी, देवमोहन नगवंशी, सिलकेन लकड़ा, पुष्पा मिश्रा, दिलेसवारी पैकरा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### थाने के सामने बोलेरो ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**सेदम/बतौली।** शुक्रवार की देर शाम रघुनाथपुर थाना के सामने बोलेरो चालक ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घटना के बाद चालक वाहन को छोडकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी 35 वर्षीय शंकर नागेश शुक्रवार की शाम किसी काम से रघुनाथपुर थाना आया हुआ था। युवक देर शाम थाना से निकलकर सड़क पार कर रहा था इस दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 15 ईडी 2470 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं बताया जा रहा है कि बोलेरो को सीतापुर के अंतर्गत ग्राम ललितपुर निवासी निवासी तरसुस खलखो चला रहा था। चालक आर्मी में पदस्थ है और वर्तमान में छुट्टी में अपने घर आया था। तरसुस खलखो अपनी बोलेरो से परिवार के सदस्यों को लेकर अंबिकापुर गया हुआ था और वापस लौटते समय लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों से सात जिपं सदस्य हुए निर्विरोध निर्वाचित

# जिला योजना समिति के चुनाव में भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ जिला योजना समिति अधिनियम 1995 एवं जिला योजना समिति निर्वाचन नियम 1995 के तहत जिले में जिला योजना समिति के गठन हेतु निर्वाचन की प्रक्रिया के तहत हुए चुनाव में 8 सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के 7 जिला पंचायत सदस्य भाजपा समर्थित सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**खास बात**

- भाजपा के मुकेश को 50 व कांग्रेस के गैबीनाथ को मिले 15 मत

जिले के सभी नगरीय निकायों से एक सदस्य का निर्वाचन होना था। जिसमें भाजपा से नपा सूरजपुर के पार्षद मुकेश गर्ग व प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने नामांकन दाखिल किया था। कांग्रेस से सूरजपुर नपा के गैबीनाथ साहू ने नामांकन दाखिल किया था। संगठन के निर्देश पर नाम वापसी के दौरान प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके बाद भाजपा के मुकेश गर्ग व कांग्रेस के गैबीनाथ साहू के मध्य सीधा मुकाबला हुआ। जिसमें कुल 98 मतदाताओं में सूरजपुर नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 19, विश्रामपुर, जरही, प्रतापपुर,भटगांव नगर पंचायत से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 16-16 व प्रेमनगर से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 15 मतदाता थे। आज जिले की सभी नगरीय निकायों से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों को मिलाकर कुल 65 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन में भाजपा के मुकेश गर्ग को 50 व कांग्रेस के गैबीनाथ साहू को 15 मत प्राप्त हुए। जिसके उपरांत पीठासीन अधिकारी एसडीएम शिवानी जायसवाल ने मुकेश गर्ग को विजयी घोषित कर निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से सात सदस्य निर्वाचित होने थे, जिसमें भाजपा के सात जिला पंचायत सदस्यों में लवकेश रामसेवक पैकरा, अनुज राजवाड़े, सुश्री मोनिका सिंह, नयन विजय सिद्दार, बाबूलाल मरापो, कलेश्वरी लखन कुर्रे व श्रीमती किरण सिंह केराम ने अपना नामांकन दाखिल किया और वे सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, परमेश्वरी राजवाड़े, चन्द्रमणि देवलाल पैकरा, रेखा राजलाल राजवाड़े, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, सत्यनारायण जायसवाल, राजेश यादव, रामानंद जायसवाल, पूरन राजवाड़े, शैलेष अग्रवाल, दीपेन्द्र सिंह चौहान, अजीत शरण सिंह, राजेश साहू, संजू सोनी, अजय सिंह, रामजी साहू, भोला साहू, रविशंकर, आशीष गुप्ता, धर्म सोनी, निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



निर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र देते अधिकारी।

### प्रतिष्ठापूर्ण रहा योजना समिति का निर्वाचन

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति के गठन के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत के सभा कक्ष में भारी गहमा-गहमी की स्थिति बनी रही। प्रतिष्ठापूर्ण निर्वाचन में नगरीय क्षेत्रों के लिए भाजपा के 2 पार्षद व कांग्रेस से 1 पार्षद ने अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा से नपा सूरजपुर के पार्षद मुकेश गर्ग व प्रतापपुर नपं के पार्षद मुकेश अग्रवाल ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। नामांकन के उपरांत संगठन के निर्देश पर पार्षद मुकेश अग्रवाल ने अपना नाम वापस ले लिया। जिससे मैदान में दो दावेदारों के डटे रहने से भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला हुआ। निर्वाचन में मतदान के उपरांत मतों की गिनती की गई। जिसमें भाजपा के मुकेश गर्ग को 50 मत मिले, जबकि कांग्रेस के गैबीनाथ साहू को महज 15 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

### 10 सदस्यों की होगी समिति, प्रभारी मंत्री होंगे अध्यक्ष

जानकारी के अनुसार जिला योजना समिति में कुल 10 सदस्य होंगे। जिसमें आज 7 ग्रामीण क्षेत्र व 1 नगरीय क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा जिले के प्रभारी मंत्री इस समिति के अध्यक्ष होंगे एवं कलेक्टर समिति के सचिव होंगे। समय-समय पर बैठक आयोजित कर पूरे जिले के ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजे जाएंगे।



## मंत्री राजवाड़े ने पेड़ के नीचे पत्थर पर बैठ सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आज कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के ओड़गी ब्लॉक के कई बीहड़ और सुदूर गांवों में जन चौपाल लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दरम्यान किसी मंच या कुर्सी की जरूरत नहीं पड़ी वरन मंत्री पेड़ के नीचे पत्थर पर बैठ ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। गांव के लोगों ने भी अपने बीच जमीन पर बैठे मंत्री से खुलकर अपनी बातें रखीं। जिस पर मंत्री ने हर शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया।

- ओड़गी ब्लॉक के बीहड़ गांवों में पहुंचीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

दौरे की शुरुआत ग्राम दूधो से हुई, जहां ग्रामीणों ने पेयजल संकट की बड़ी समस्या सामने रखी। जल संसाधन विभाग की लापरवाही पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने चौपाल में विभागीय अधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ को फटकार लगाई और तत्काल नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव प्यासा है और अधिकारी नदारद अब यह ढिलाई नहीं चलेगी। ग्राम पंचायत बिलासपुर में राशन कार्ड बनवाने के लिए सेल्समैन द्वारा पैसे लेने की शिकायत मिलते ही मंत्री ने मौके पर ही संबंधित कर्मचारी को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि गरीबों से पैसा लेना बंद करें। यदि शिकायत दोबारा मिली तो लाइसेंस रद्द होगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पटवारी नामांतरण और फौती जैसे कार्यों के बदले अवैध रूप से पैसे की मांग करते हैं। मंत्री ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए तहसीलदार ओड़गी को तत्काल जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत भकुरा और माढ़र में ग्रामीणों ने सड़क, राशन, आवास और पेंशन संबंधी समस्याएं रखीं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाए। इस दौरान बाबूलाल मरापो, गीता सिंह, अनीता पैकरा, भानू कुशवाहा, सत्यनारायण पैकरा, राजेश तिवारी, बलराम सोनी, सत्या दुबे, कंवल प्रसाद, नारायण दत्त, चितावन राजवाड़े, छोटे लाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवक पर जानलेवा हमला कर फेंका सड़क किनारे, दो गिरफ्तार



**राजपुर।** युवक के साथ मारपीट करने के साथ ही मारकर गंभीर हालत में फेंकने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम लाऊ निवासी 55 वर्षीय विगन यादव आ. स्व. रामवरत यादव ने थाने में आकर सूचना दी थी कि 10 फरवरी की शाम 6 बजे उमेश यादव घर से निकला था लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा। 11 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम भदार में उमेश यादव को लोगों ने मारकर फेंक दिया है। सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश की सांस चल रही थी लेकिन वह बेहोश था। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में एसपी वैभव बैंकर द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकडा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनेश यादव और ओमप्रकाश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने ग्राम लाऊ घुटरापारा निवासी 35 वर्षीय ओमप्रकाश यादव उर्फ जीतू आ. बासदेव यादव व 32 वर्षीय दिनेश यादव आ. रतन यादव को बीएनएस की धारा 117(2), 109, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह, सउनि प्रकाश तिर्की, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक नरेन्द्र कश्यप, लखेश्वर पैकरा, अमृत सिंह, नरेश तिर्की, सुनील तिर्की तथा सैनिक संजय यादव सक्रिय रहे।

## लंबित देयकों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश

**अंबिकापुर।** टीए बिल पास करने के नाम पर कर्मचारी से 10 हजार रूपए की रिश्वत लेने के मामले में सीएचसी उदयपुर में पदस्थ संगणक और लेखापाल की गिरफ्तारी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लिया है। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर कहा है कि विभाग में लंबित देयकों का नियमानुसार तत्काल निराकरण कराया जाए। जेडी डॉ. शुक्ला ने जारी पत्र में कहा है कि इस तरह की घटना और शासकीय सेवकों के कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है। जिले व विकासखंड में पदस्थ लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों द्वारा शासकीय सेवकों के लंबित यात्रा भत्ता देयक, मेडिकल देयक, सामान्य भविष्य निधि देयकों, अन्य किसी भी प्रकार का देयकों का बिल पास किए जाने हेतु किसी भी प्रकार के कमीशन की मांग अगर की जाती है तो इस प्रकार के कृत्य से यह प्रतीत होता है कि कार्यालय प्रमुख, आहरण एवं संवितरण अधिकारी का अपने अधीनस्थ कार्यरत लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण ही नहीं है। जिस कारण इस प्रकार की घटना घटित हुई, यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विरूद्ध है व शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक व परिचायक है। उन्होंने कहा है कि जिले व विकासखंड में किसी भी प्रकार के लंबित देयकों, कार्यों की सीएमएचओ निरंतर समीक्षा करें और जितने भी प्रकरण देयक के लंबित है उसका नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निराकरण कराया जाए। यदि भविष्य में इस तरह ही शिकायत सामने आती है और शिकायत प्रमाणित होती है तो संबंधित लेखापाल, लेखा शाखा प्रभारी लिपिकों के विरूद्ध तत्काल एकतरफा निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

- जेडी ने जारी किया आदेश, जांच में गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्रवाई

## दामाद का अपहरण करने बाद कमरे में बंद कर मारपीट

**बलरामपुर।** दामाद का अपहरण कर जबरन कमरे में बंदकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक की पत्नी, ससुर समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम चन्द्रनगर निवासी 25 वर्षीय सरवर आलम आ. सरीफ अंसारी वाहन चालक का काम करता है। 30 अप्रैल को सरवर आलम जोगाराम बरियों से हाइवा ट्रक में गिट्टी लोड़कर तातापानी की ओर जा रहा था। एनएच 343 पर लुरगुट्टा जंगल के पास हाइवा ट्रक खराब होने के कारण वह वाहन का मरम्मत करा रहा था। सरवर आलम के साथ वाहान में गांव का इन्ताफ एवं दिलशाद भी मौजूद थे। इसी बीच दोपहर 1.30 बजे सफेद रंग के स्कार्पियो वाहन से उसका ससुर मुमताज अंसारी, पत्नी रुकसाना खातून व गांव का मंजूर आलम, अहमद अंसारी, करीम अंसारी, बेलाल अंसारी व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और पत्नी को अपने पास क्यों नहीं रखते हो कहते हुए चालक को जबरन हाइवा से उतारकर स्कॉर्पियो में बैठा लिया और रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रेवतीपुर ले गए। इस दौरान एक कमरे में बंद कर सभी ने उसके साथ मारपीट की। मामले की शिकायत के बाद एसपी वैभव बैंकर ने जांच के निर्देश दिए थे। पुलिस टीम द्वारा मामले में 45 वर्षीय ससुर मुमताज अंसारी, पत्नी 25 वर्षीया रुकसाना खातून, साथी 28 वर्षीय मंजूर अंसारी, 56 वर्षीय अहमद अंसारी, 33 वर्षीय करीम अंसारी, 18 वर्षीय बेलाल अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 140(3), 115(2),191(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- ससुर, पत्नी समेत छह आरोपी गिरफ्तार



## एसईसीएल के लीज एरिया से अवैध कब्ज़ाधारियों को हटाने सुरक्षा विभाग चला रहा अभियान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कॉलोनी सहित लीज एरिया में चल रहे अतिक्रमण के मामलों की शिकायत को संज्ञान में लेकर एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने शुक्रवार दो मई को त्रिपुरा बटालियन के सशस्त्र जवानों व कंपनी की सुरक्षा टीम को साथ लेकर विशेष अभियान चलाते हुए कॉलोनी के अलग अलग क्षेत्रों में पहुंच अवैध अतिक्रमणकारियों को चेताया है।इस दौरान माइनर्स कॉलोनी के 242 नंबर क्वार्टर में सेवानिवृत्त होने के बाद अवैध रूप से रह रहे कब्जाधारी संतोख सिंह से कब्जा को खाली कराते हुए बीरबल प्रेमलाल बखला को क्वार्टर दिलाया गया है। सुरक्षा अमले की जांच में वन सी टाइप क्वार्टर में रिटायर कोल कर्मी प्रेम सिंह द्वारा क्वार्टर प्रांगण में अतिरिक्त जमीन के बड़े हिस्से में लंबे समय से अवैध निर्माण कर डेयरी फॉर्म का संचालन कर भूसा गोदाम भी निर्माण किया जाना जांच में पाया गया, यहां पर रिटायर कोलकर्मी को चेतावनी देते हुए अवैध निर्माण हटाते हुए क्वार्टर को हैंड ओवर करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसके अलावा अमेरा सहक्षेत्र कार्यालय के सामने कंपनी लीज भूमि पर टीन शेड का घेराव कर भीतर अवैध निर्माण करने वाले व्यक्ति को भी अवैध निर्माण हटा लेने की समझाइश दी गई है। भटगांव रोड में काली मंदिर के पास अवैध अतिक्रमण कर दुकान को किराए में देने वाले अतिक्रमणकारी को सुरक्षा अधिकारी ने कार्यालय तलब किया है,जबकि जेएमक्यू कॉलोनी के क्वार्टर नंबर 52 में सीटू यूनियन के नेता द्वारा क्वार्टर को दूसरे व्यक्ति के नाम आबंटित कराते हुए किसी अन्य व्यक्ति से किराया वसूली कर बेजा कमाई करने का मामला भी सामने आया है। बता दें कि पिछले दो-तीन वर्षों से क्षेत्रीय प्रबंधन के लचर रवैए से एसईसीएल लीज एरिया में अवैध अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई है। प्रबंधन द्वारा ऐसे मामलों में मुंह देखी कार्यवाही से संबंधितों के हौसले बुलंद हैं। जेएमक्यू कॉलोनी समीप ट्रांसपोर्ट कारोबारी द्वारा बड़े भू भाग में कब्जा कर समुदाय विशेष के लोगों को टुकड़े-टुकड़े में जमीन बेचकर अवैध कमाई की जा रही है। ये सभी अतिक्रमणकारी पोस्ट ऑफिस के पास कंपनी के विद्युत खंभे से खुलेआम कटिया लगा अवैध रूप से कंपनी के विद्युत का उपभोग कर कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे हैं।



### भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर

**अम्बिकापुर।** शादी में शामिल होने जा रहे ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया। ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र के ग्राम बकोई निवासी लाल साय आज तड़के पैदल पास के गांव में परिचित के यहां शादी में शामिल होने जंगल के रास्ते जा रहा था। जैसे ही ही ग्राम बकोई जंगल में पहुंचा तभी झाड़ियो से एक भालू निकल ग्रामीण पर हमला कर दिया। इसी बीच मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह भालू को भगाया और घटना की जानकारी घायल के परिजन को दी। परिजन घायल को उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

## पिता की हत्या के बाद फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिता की हत्या के बाद फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वेल्डिंग मशीन को तोड़ने से नाराज पुत्र ने पिता की पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया था और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

लुंड्रा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गतग्राम जामडीह निवासी हरिहर चौहान अपने बड़े पुत्र अशोक चौहान के साथ रहता था। 7 फरवरी को अशोक ने अपने छोटे भाई आशुतोष चौहान को फोन पर बताया कि पिता हरिहर चौहान ने वेल्डिंग मशीन में तोड़फोड़ की थी जिसके बाद गुस्से में आकर उसने पिता की पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद आशुतोष चौहान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो हरिहर चौहान जमीन पर मृत पड़ा था और उसके सिर, चेहरे, कान से खून निकल रहा था। मौके पर खून लगा डंडा, लोहे का पाइप, लोहे के टांगी का टूटा हुआ बेट पड़ा हुआ था। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 29 वर्षीय अशोक चौहान आ. स्व. हरिहर चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डण्डा, लोहे का पाईप, लोहे का टांगी टुटा हुआ बेट जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना लुंड्रा से सउनि शिवचरण साहू, आरक्षक वीरेंद्र खलखो, बाल्केश्वर राम, सतीश कुमार, बहाल राम, निरंजन बड़ा, शिवप्रसाद खलखो सक्रिय रहे।



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की गई जान

**अम्बिकापुर।** शादी में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को ग्राम बुढा डांड़ शिव मंदिर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक किशोरी ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया वहीं एक किशोरी का उपचार निजी अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना अंतर्गत ग्राम राजगांव निवासी मालती राठिया आ. चमरू राम राठिया (15 वर्ष) पिछले माह 22 अप्रैल को नीमम व कौशल राठिया के साथ बाइक से ग्राम बुढ़ा डांड़ शादी में शामिल होने गई थी। शाम को तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही बुढ़ा डांड शिव मंदिर के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से तीनों गंभीर रूप घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन तीनों को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया।

## पानी की तलाश में पहुंचे नदी किनारे जंगल में

# वन परिक्षेत्र में पहुंचा 40 हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 40 हाथियों का दल पहुंच जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दल में नर एवं मादा हाथी सहित शावक हाथी हैं। हाथियों के दल के गांव के समीप नदी किनारे पहुंच जाने से ग्रामीण भयभीत है। हाथियों का दल करंजवार, सरहरी, घरहरि, खुरमा सीमावर्ती क्षेत्र के जंगलों में देखा गया है तथा हाथी पानी के लिए जंगल से निकल कर नदियों की तरफ पहुंचे है।

इस भीषण गर्मी में जहां पानी की तलाश में हिरण कोटरा सहित अन्य छोटे जानवर जंगल से निकल बस्ती की ओर पहुंच जाते है। जंगल से छोटे जानवरों के बस्ती की ओर आने की घटना आम बात है लेकिन अब हाथियों का दल भी पानी की तलाश में जंगल से निकल गांव की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। आज तड़के एक दो नहीं बल्कि 40 हाथियों का समूह जंगल से निकल पानी की तलाश में नदी के समीप पहुंच गए। एक साथ बड़ी संख्या में हाथियों के दल के पहुंचने से ग्रामीण भयभीत हो गए। इसी बीच कई ग्रामीणों ने इसकी वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। ऐसे में वन विभाग के कई दावा फेल होते दिखाई दे रहा है। वन्य प्राणियों का देख-देख सिर्फ कागजों पर अधिकारियों के लिए चारागाह बना हुआ है।



नदी किनारे विचरण करता हाथियों का दल।

### ग्रामीणों में दहशत का माहौल

वर्तमान समय में प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में 30 हाथियों का समूह विचरण कर रहे हैं जो एक स्थान पर एकत्रित हो गए हैं। दिन के समय हाथियों का दल जंगल में ही होता है लेकिन रात होते ही यहां हाथियों का दल जंगल से निकलकर गांव की ओर पहुंच जाते है। ऐसे में जंगल के समीप ग्राम करंजवार, सरहरी, घरहरि, खुरमा के ग्रामीण अचानक हाथियों के पहुंच जाने के भय से रतजगा करने को मजबूर है।

### उदयपुर रेंज में पहुंचा 39 हाथियों का दल

**अम्बिकापुर।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र उदयपुर रेंज के ग्राम बकोई के जुजडांड क्षेत्र में आज कोरबा जिले से 39 हाथियों का दल पहुंचा। अचानक हाथियों के दल के पहुंच जाने से आसपास गांव के लोगों भयभीत है। हाथियों का दल अभी ग्राम बकोई के जुजडांड क्षेत्र में विचरण कर रहे है। हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम पूरी सतर्कता के साथ निगरानी कर रहा है। साथ ही आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार जन हानि न हो सके। मौके पर रेंजर कमलेश राय और परिक्षेत्र सहायक गिरीश बहादुर सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद हैं।

3-MAY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/3/2025 7:26 PM Page 1



वेव्स समिट 2025

# हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना बोलीं- 'भटिंडा की सिखनी हूं'



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में कई स्टार्स हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया है। तो वहीं कई ऐसे भी हैं जो हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर का ऐसा कहना है कि वो बॉलीवुड में काम करके खुश हैं और उन्हें हिंदी गानों पर डांस करने में बहुत मजा आता है। करीना कपूर ने ये बातें मुंबई में चल रहे वेव्स समिट 2025 में हिस्सी लेने के दौरान कहीं। चार दिवसीय वेव्स समिट के दूसरे दिन अभिनेत्री करीना कपूर भी इस इवेंट का हिस्सा बनीं और उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए अपनी राय रखी।

अभिनेत्री के साथ करण जौहर ने चर्चा की, जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान करण जौहर ने करीना कपूर को 'कॉफी विद करण'में उनके द्वारा बॉलीवुड कलाकारों के हॉलीवुड में काम करने पर दिए गए बयान को दोहराया और उससे जुड़ा सवाल किया। करीना ने शो में कहा था कि 'सब बस पकड़-पकड़ के हॉलीवुड जा रहे हैं।' उनके इस बयान को याद दिलाते हुए करण ने वेव्स में करीना से हॉलीवुड की योजनाओं के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए करीना ने कहा, "मैं तो यहीं पे हूं। मैं अपनी भारतीय फिल्मों और अभिनय से बहुत खुश हूं। बड़ा मजा आता है हमारे हिंदी फिल्मी गानों पर डांस करने में। बड़ा मजा आता है हिंदी डायलॉग बोलने में। भटिंडा की सिखनी हूं भाई।"

### हर लड़की को बोलना चाहिए 'मैं अपनी फेवरेट हूं'

*आगे करण जौहर ने करीना के 'जब वी मेट'के मशहूर डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं'को लेकर बात की। जिस पर करीना ने कहा, 'यह लाइन हर महिला को खुद से प्यार करने की याद दिलाती है। ये लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हर लड़की, हर महिला को हमेशा यह लाइन बोलनी चाहिए कि मैं अपनी फेवरेट हूं बॉस। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार पिछले साल दीपावली पर आई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। करीना अब अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।*

## श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली




**मुंबई।** 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है। मैं चाहती हूं कि आप यह महाराष्ट्रीयन मिठाई आजमाएं जिसे पूरन पोली कहा जाता है। यह मेरे घर पर बनी है।'इसके बाद एडम मोसेरी ने इसका लुत्फ उठाया।

### रणवीर दीपिका के साथ किया डिनर

इससे पहले एडम मोसेरी ने बॉलीवुड के पॉवर कपल कहे जाने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ बुधवार की शाम डिनर किया था। वह रणवीर-दीपिका के साथ मुंबई के एक रेस्तरां में एक साथ नजर आए थे। मोसेरी ने इंस्टाग्राम पर डिनर आउटिंग की एक सेल्फी भी शेयर की थी। तस्वीर को कैप्शन देते हुए मोसेरी ने लिखा था, 'मुझे आज शाम बॉम्बे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जैसे पावर कपल से मिलने का मौका मिला साथ ही कुछ बेहतरीन खाने का मजा लिया।'

## हमें और अधिक थिएटर्स खोलने की जरूरत



**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान का मानना है कि भारत को और अधिक थिएटरों में इन्वेस्ट करने की बहुत जरूरत है। वेव्स समिट समिट 2025 के दूसरे दिन 'स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप'विषय पर बोलते हुए आमिर खान ने यह बात कही। साथ ही अभिनेता ने कहा कि भारत एक फिल्म प्रेमी देश है, लेकिन इसके अधिकांश लोगों की सिनेमा तक पहुंच नहीं है। वेव्स समिट के दूसरे दिन बोलते हुए आमिर खान ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें भारत में और अधिक विभिन्न प्रकार के थिएटर की जरूरत है। देश में ऐसे जिले और कई बड़े क्षेत्र हैं, जहां एक भी थिएटर नहीं है। मुझे लगता है कि बीते दशकों में हमने जो भी परेशानियां झेली हैं, वे अधिक स्क्रीन होने के बारे में हैं। मेरा मानना है कि हमें इसी में इन्वेस्ट करना चाहिए। भारत में बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, लेकिन यह तभी पूरी हो सकती हैं, जब आपके पास देश भर में अधिक स्क्रीन हों। अगर ऐसा नहीं है, तो लोग फिल्में नहीं देखेंगे।'

### अमेरिका और चीन से हैं पीछे

आगे आंकड़ों पर बात करते हुए एक्टर ने कहा, "सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में भारत अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। देश की क्षमता और यहां रहने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत कम थिएटर हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास लगभग 10,000 स्क्रीन हैं। अमेरिका में जिसकी आबादी भारत की एक तिहाई है, उनके पास 40,000 स्क्रीन हैं। इसलिए वे हमसे बहुत आगे हैं। जबकि चीन में 90,000 स्क्रीन हैं।

## वेव्स इवेंट से फिल्म इंडस्ट्री को होगा फायदा



**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे इन दिनों वेव्स समिट में पहुंच रहे हैं। साउथ एक्टर कार्ति भी इस इवेंट में शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए कार्ति ने वेव्स समिट कराने को लेकर सरकार की तारीफ की। एक्टर का मानना है कि इस समिट से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा होगा। सिनेमा को एक इंडस्ट्री का दर्जा हासिल होगा, जिससे एक्टर्स, डिस्ट्रिब्यूटर को मदद मिलेगी। कार्ति कहते हैं, 'एक मंच पर क्रिएटर, एक्टर्स को लाना अच्छी पहल है। मुझे उम्मीद है कि ये इवेंट हर साल जारी रहेगा। इससे फिल्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब सरकार सिनेमा को इंडस्ट्री का दर्जा देगी तो मुझे उम्मीद है कि सिनेमाघरों के लिए टैक्स पॉलिसी, परमिशन पॉलिसी बनाई जाएंगी, यह काम फिर काफी आसान हो जाएगा।'

### नागार्जुन ने पहल को सराहा

कार्ति के अलावा वेव्स समिट में साउथ एक्टर नागार्जुन भी पहुंचे थे। एएनआई से ही की गई बातचीत में नागार्जुन कहते हैं, 'मुझे इस समिट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह इवेंटर फिल्म-मीडिया इंडस्ट्री के लिए भारत सरकार की एक बेहतरीन पहल है।'

### सिंगर बादशाह ने बड़ा कदम बताया


सिंगर-रैपर बादशाह ने भी वेव्स समिट को लेकर कहा, 'मुझे यकीन है कि यह पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं इसमें लोगों की दिलचस्पी देख सकता हूं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में बॉलीवुड के अलावा भारत को एक सॉफ्ट पावर की तरफ एक बड़ा कदम है।'

## लाइका ग्रुप और महावीर जैन फिल्म्स ने किया बड़ा ऐलान, वैश्विक स्तर की बनाएंगे नौ फिल्में



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेव्स 2025' के विजन से प्रेरित होकर लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों ने मिलकर अगले दो-तीन साल में नौ ऐसी फिल्में बनाने का ऐलान किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएंगी। यह साझेदारी 'वेव्स' समिट की पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाना है। लाइका प्रोडक्शंस को रजनीकांत की 'रोबोट 2.0' और मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। अब यह प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर नई कहानियां गढ़ेगा। महावीर जैन फिल्म्स ने 'ऊंचाई' जैसी फिल्म के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह अब कार्तिक आर्यन की 'नागजिला', विक्रांत मैसी अभिनीत श्री श्री रविशंकर की बायोपिक, इम्तियाज अली के साथ दोस्ती पर आधारित फिल्म और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद की बायोपिक जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। 'वेव्स' समिट में लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अल्लिराजा सुबास्करन और महावीर जैन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## टीवी मसाला



### एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' में दिखाई गंदगी

मुंबई। ओटीटी पर दिखाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर अक्सर विवाद होता है और सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। अब ऐसे ही एक अश्लील कंटेंट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' का एक अश्लील सीन वाला क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके खिलाफ यूजर्स समेत प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आवाज उठाई है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उठाया है और जवाब का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने स्थायी समिति में यह मुद्दा उठाया है कि उल्लू ऐप और ऑल्ट बालाजी जैसे ऐप अश्लील सामग्री के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बच निकलने में कामयाब रहे हैं। मैं अभी भी उनके जवाब का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा कि 14 मार्च, 2024 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया था, जो अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट स्ट्रीम करते पाए गए थे। सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए एप मुख्य रूप से अश्लील सामग्री वितरित करने वाले प्लेटफॉर्म थे।

### आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर अभिनेत्री ने पैपराजी को लताड़ा


मुंबई। मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया।



इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया। अभिनेत्री हुनर हाली ने बताया कि वीडियो उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।' अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

## 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

**मुंबई।** गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड'की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी'से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स'ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद'में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी:** अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स'ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।

## 44 की उम्र में कपूर खानदान की बेटी की बॉलीवुड में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक और स्टारकिड की एंट्री होने जा रही है। वो भी बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्मी घराने से। जी हां, सही सुना आपने कपूर खानदान से अब एक और इंसान फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर के बाद कपूर खानदान से पहली बार कोई एक्ट्रेस के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा है। ऋषि कपूर और और नीतू कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी अपने ओटीटी डेब्यू के बाद अब फिल्मों में एंट्री करने जा रही हैं।



इसका खुलासा खुद रिद्धिमा ने किया है। रिद्धिमा कपूर ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया और अपने फिल्मी डेब्यू के बारे में जानकारी दी। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी न देते हुए रिद्धिमा ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग जून तक पहाड़ों पर होगी। मैं और पूरी फैमिली इसके लिए काफी उत्साहित है। मैं शूटिंग के दौरान मां के साथ रही और हमने रिहर्सल भी किया। गर्मियों की छुट्टी में मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आएगी। मैं स्क्रिप्ट की फोटोज फैमिली में भेजती रही और फिर मुझे सजेशन और सपोर्ट मिलता रहा।' रिद्धिमा ने आगे फिल्मी डेब्यू के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे संपर्क किया गया, तो मैंने बस हां कह दिया।

## सस्पेंस और रहस्य से भरी 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर जारी





**मुंबई।** अमित साध और जिम सरभ जैसे शानदार अभिनेताओं से सजी फिल्म 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर सस्पेंस, ड्रामा और रहस्य से भरी एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जो दोस्ती के अटूट बंधन को केंद्र में रखती है। यह फिल्म 16 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक समीक्षकों द्वारा सराहे गए नाटक पर आधारित है और इसे ड्रॉप डी फिल्म्स व टेन ईयर्स यंगर प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर की शुरुआत दोस्तों की हंसी-मजाक से होती है, लेकिन जल्द ही माहौल गंभीर हो जाता है। सवाल उठता है- क्या ये दोस्त सच का साथ देंगे या रहस्य को दफन कर देंगे? 'पुणे हाईवे' की कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका एक सामान्य सा वीकेंड ट्रिप तब भयावह हो जाता है, जब उन्हें एक लाश मिलती है। यह घटना उनकी जिंदगी को उथल-पुथल कर देती है और उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री के भंवर में खींच लेती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे यह तीनों दोस्त डर, अपराध करने के बोझ और नैतिकता पर जीत पानी की कोशिश करते हैं। उनकी दोस्ती उनके बीच उनकी वफादारी की परीक्षा लेती है।

## पिता से मिली घड़ी 50 रुपए में बेच मुंबई पहुंचा था ये एक्टर

दिलीप-नरगिस के साथ किया डेब्यू, फिर बैक टू-बैक दी 6 सुपरहिट फिल्में

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के जुबली कुमार कहे जाने वाले एक्टर राजेंद्र कुमार एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम बनाया था। तकरीबन 7 साल तक फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ने के बाद उन्हें एक हिट फिल्म मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की तमाम बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस संग काम किया था। राजेंद्र कुमार ने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म निर्देशन में भी हाथ आजमाया और हिट फिल्में दीं। एक दौर था, जब राजेंद्र कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हफ्ते-हफ्ते तक छाई रहती थी। इसी के चलते उन्हें जुबली कुमार का नाम मिला था। वहीं, एक दौर ऐसा भी था जब वह महज 50 रुपये लेकर मायानगरी मुंबई पहुंचे थे।



### मदर इंडिया के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा

*राजेंद्र कुमार ने पिता से मिली घड़ी को 50 रुपए में बेचकर मुंबई का टिकट कटवा लिया था। गीतकार राजेंद्र कृष्ण की मदद से 150 रुपए महीने सैलरी पर उन्हें डायरेक्टर एचएस रवैल संग बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम मिल गया। 1950 में उन्हें ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की फिल्म में एक रोल मिला। इसके बाद 1950 से 1957 तक उन्होंने खूब संघर्ष किया और साल 1957 में फिल्म मदर इंडिया में उन्हें नरगिस के बेटे के रोल में देखा गया और फिल्म हिंदी सिनेमा में इतिहास बन गई। इसके बाद एक्टर ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### सोने के लिए किराए पर लिया करते थे खाट

फिल्म मदर इंडिया में राजेंद्र कुमार का काम पसंद किया गया और फिर उन्हें फिल्में मिलने लगी। उनकी 6 फिल्मों ने बैक-टू-बैक बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। एक्टर की कई फिल्में सिनेमाघरों से हटती तक नहीं थी। बता दें, मुंबई में एक एक्टर ने एक वक्त ऐसा भी देखा था जब वह सोने के लिए किराए पर खाट लिया करते थे। वह मुंबई आने के बाद बॉम्बे गेस्ट हाउस में ठहरे थे, जहां कभी धर्मेंद्र और राजकुमार ने शरण ली थी. एक्टर की हिट फिल्मों में मदर इंडिया के अलावा मेरे महबूब, संगम, आई मिलन की बेला, आरजू, सूरज, गीत, गंवार, आप आए बहार आई और ललकार शामिल हैं। एक्टर को आखिरी बार साल 1993 में आई फिल्म फूल में देखा गया था।

3- May- KORIYA- Bhoomi pg-4_Layout 1 5/3/2025 8:37 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नीलू बनीं गर्ल्स कॉलेज की पहली महिला अध्यक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया है। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खास बात यह है कि वे महाविद्यालय की पहली महिला अध्यक्ष बनी हैं, जिससे क्षेत्र की महिलाओं एवं छात्राओं में हर्ष का माहौल है। स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल और जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। इस निर्णय के लिए श्रीमती नीलू जायसवाल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले एवं सभी मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगी। कन्या महाविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार इस समिति में कुल 16 सदस्यों को शामिल किया गया है। नवगठित समिति में अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल व सदस्य के रूप में श्रीमती प्रतिमा पटवा, आलोक जायसवाल, प्रवीण सिंह, नीतू मनहरे, शीला उरांव, सुधा सोनी, गोविंद वर्मा, श्रीमती दृष्टि अग्रवाल, अधिवक्ता मयंक जैन, श्रीमती गायत्री दत्ता, मनीष अग्रवाल, श्रीमती नीलू राजपूत, श्रीमती सविता सिंह, सुश्री रूबी पासी, डॉ. रश्मि सोनकर को शामिल किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।



### तालाब में श्रमदान के माध्यम से सफाई

**अनूपपुर।** विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़ौर के कलहारिन तालाब की सामूहिक श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। इसमें जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, सामाजिक अंकेक्षण समन्वयक संदीप शुक्ला, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण जन की सहभागिता रही। तालाब की सफाई करने के पश्चात सभी उपस्थितजन को जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ दिलाई गई एवं ग्रामीणजन से अपील की गई कि जल संसाधनों में गंदगी न फैलाएं, ये हमारी प्राकृतिक धरोहर है, इसे संरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें।

### आर्थिक सहायता के आहरण की दी मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वार्ड नंबर 04 काली मंदिर के पास कोतमा निवासी संजय गुप्ता पिता मुद्रिका प्रसाद गुप्ता को उनके होटल तथा किराना एवं जनरल सामान दुकान में आग लगने पर हुए नुकसान के लिए मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

### हितग्राही 15 तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

**अनूपपुर।** शासन द्वारा राशन के लिए पात्रता पर्चीधारी हितग्राहियों को ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए गए हैं और इसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। जिले में 64,702 सदस्यों का ई-केवाईसी होना शेष हैं। कई सदस्य छूटे हुए हैं, इसलिए शासन ने ई-केवाईसी की तिथि में 15 मई तक की वृद्धि की है, ताकि छूटे हुए सभी हितग्राही ई-केवाईसी करवा लें। शासकीय उचित मूल्य दुकान से पीओएस मशीन में बायोमेट्रिक सत्यापन के आधार पर ही हितग्राहियों को राशन प्राप्त होगा।

## दो दिवसीय आयोजन में उमड़ा श्रद्धा, भक्ति और भजन रस

# श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में भव्य वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

श्री श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में इस वर्ष का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। नगरवासियों और समीपवर्ती क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर परिसर भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा। पहला दिन 3 मई शनिवार वार्षिकोत्सव का शुभारंभ प्रातः 10 बजे श्री श्याम पाठ के साथ हुआ, इसमें भक्तों ने सामूहिक रूप से भाव-विभोर होकर श्री श्याम नाम का गुणगान किया। दोपहर 12 बजे मंदिर में छप्पन भोग अर्पण कर भगवान को भोग लगाया गया।

इस दृश्य ने श्रद्धालुओं के मन को अनूठी दिव्यता से भर दिया। सायं 5 बजे श्रीराम मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सजीव झांकियां, ढोल-नगाड़े, फूलों से सजे रथ और श्रद्धालुओं की टोलियां इस यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। रात्रि 7 बजे भव्य आरती के बाद भंडारे में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन हुआ, इसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मिश्रा (इंदौर) और कृष्नेहा (बिलासपुर) ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या के पूर्व मंगल पाठ का वाचन बिलासपुर से पधारीं रूचिता तिवारी द्वारा किया गया, जिसमें श्रोताओं ने ध्यानपूर्वक सहभागिता निभाई। इस आयोजन के लिए श्री श्याम मंदिर समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। मंदिर परिसर को दीप, रंगोली, पुष्प मालाओं और श्याम ध्वजों से भव्य रूप से सजाया गया था। शोभायात्रा में नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा दादव, अनीता फरमानिया, कैलाश तोदी, बंटी गोयल, गौतम दुग्गड़, निखिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, मनीष गोयल, रोहित गोयल, सुमित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, शशि अग्रवाल, शंकर पंसारी, जयंती यादव, मनोज अग्रवाल, नरोत्तम शर्मा, उत्तम शर्मा, मोनू पंसारी समेत काफी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित महिला श्रद्धालु।

### 56 वीं वर्षगांठ : अखंड हरिनाम संकीर्तन का समापन आज

रेलवे कॉलोनी स्थित श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन मंडली द्वारा आयोजित 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन शनिवार को अपने पावन समापन की ओर अग्रसर है। संस्था की 56 वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर आयोजित इस भक्ति आयोजन की शुरूआत 1 मई (गुरूवार) को प्रातः 6:30 बजे हुई थी, जो 4 मई रविवार प्रातः 6:30 बजे पूर्णता को प्राप्त होगी। तीन दिनों तक निरंतर गूंजता रहा हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे का मंत्र और उसके साथ गूंजती रही श्रद्धालुओं की आस्था, समर्पण और प्रभु प्रेम से भरी आवाजें। संकीर्तन स्थल पर भक्ति की ऐसी धारा बह रही थी, जिसमें जनमानस का हृदय पूरी तरह डूब चुका था। हर वर्ग और हर उम्र के श्रद्धालु भोर से लेकर रात तक प्रभु नाम के संकीर्तन में लीन रहे। कोई नृत्य करता दिखा, कोई आंखें बंद कर ध्यान मग्न, कोई मंजीरा बजाता, कोई ताली से संगति करता, हर कोई बस सी एक उद्देश्य में समर्पित था हरिनाम का स्मरण और भक्ति का आनंद। मंडली के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार है, जो समाज को जोड़ता है और जीवन को प्रभु भक्ति की ओर अग्रसर करता है। इस दिव्य आयोजन के समापन उपरांत, आज रात्रि 8:30 बजे से विशाल भंडारा एवं महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस भंडारे में प्रसाद वितरण के साथ-साथ समापन भजन और आशीर्वचन भी होंगे।






## फॉसिल पार्क में अनाधिकृत निर्माण करने का आरोप

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पीसीसीएफ को जांच के लिए लिखा पत्र

**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव नदी के किनारे मिले समुद्री जीवाश्म को गोंडवाना फॉसिल पार्क के रूप में विकसित करने के नाम पर जहां वन विभाग के अधिकारी वाहवाही लूट रही है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने गोंडवाना फॉसिल पार्क जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कार्य कराए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने गोंडवाना फॉसिल पार्क में डीएफओ द्वारा किए जा रहे अनाधिकृत निर्माण कार्यों के संबंध में शिकायत करने हुए लिखा कि मनेन्द्रगढ़ के हसदेव नदी के किनारे मिले समुद्री जीवाश्म जिनकी कार्बन डेटिंग कर पता किया गया कि यह 28 करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म हैं, जिन्हें विभाग द्वारा संरक्षित किया जाना है, परंतु इस फॉसिल पार्क में राज्य सरकार के बजट को व्यय करने के उद्देश्य से हसदेव नदी के किनारे प्राकृतिक हार्ड ग्रेनाइट रॉक्स को काट के प्राचीन जीव-जंतुओं की कला कृतियां बनाई जा रही है। बड़े पत्थरों को तराश के जमीन, पानी और एम्फीबियन के अब तक 30 प्राचीन जानवरों की मूर्तियां बनाई जा चुकी है, जिसमें समुद्री जीवाश्म होने की संभावना है, इतने करोड़ वर्ष पुराने जीवाश्म को इस तरीके से अनधिकृत निर्माण कार्य करा कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। श्री श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्रों को केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में समुद्री जीवाश्म को कोई नुकसान ना पहुंचे और शोधकर्ता अपने शोध के माध्यम से अन्य जानकारियां एकत्रित करते रहे, परंतु वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर द्वारा फॉसिल पार्क के क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत तरीके से सीमेंट से निर्माण कार्यों में बजटों को व्यय करने के उद्देश्य से समुद्री जीवाश्म से छेड़छाड़ किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से अनुचित है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने राज्य स्तरीय समिति गठित कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## रामानुज विद्यालय में विदाई समारोह



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के स्टॉफ कक्ष में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता द्वय श्रीमती पद्मजा वर्मा और तपानाथ पाठक के सेवानिवृत्ति के अवसर पर 30 अप्रैल को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो द्वारा दोनों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मियों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभवों को समस्त स्टॉफ से साझा किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जब कभी भी विद्यालय के छात्रों को उनकी शैक्षणिक संबंधी आवश्यकता होगी, वे सहर्ष अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व सेवानिवृत्त व्याख्याता राजेन्द्र प्रसाद सोनी, व्याख्याता राजीव जायसवाल, एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल, व्यायाम शिक्षक विमल कुमार, व्याख्याता श्रीमती किरण शुक्ला, व्याख्याता प्रभात मिश्रा, श्रीमती तारावती पाण्डेय, वाईके मित्रा, आरएस गुप्ता, वाईके मिश्रा, श्रीमती रीता गुप्ता, ममता पाण्डेय, नाजिमा खातून, मधु त्रिपाठी, कल्पना जायसवाल, साजदा खातून, अमिता शर्मा, दीपक साहू, रेशम लाल, आरसी भोर्तिया, श्रीमती अनुराधा जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्माण विभागों से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्माण कार्यों में पूरी रुचि लेकर समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व संबंधित कार्य की संपूर्ण जानकारी सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से अंकित की जाए, ताकि आमजन को कार्य के स्वरूप की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा कार्यों में पारदर्शिता लाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के विभिन्न निर्माण विभागों द्वारा संचालित अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

## शिवपुर चरचा में सफाई अभियान जोरों पर



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर के सभी वार्डों में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस अभियान में विशेष रूप से नालियों की सफाई पर जोर दिया जा रहा है, ताकि जलभराव की समस्या से निजात मिल सके और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके।

नगर पालिका का उद्देश्य है कि नागरिकों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है, जो नियमित रूप से नालियों और सड़कों की सफाई कर रहे हैं। नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने इस अभियान को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से न केवल नगर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नगर पालिका का सहयोग करें और अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्री सिंह ने नगर पालिका की टीम की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही यह अभियान सफल हो पा रहा है।

## सरस कवि सम्मेलन में सरगुजिहा साहित्य समिति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति की ओर से भारतेंदु भवन में वार्षिक सम्मान समारोह, पुस्तक-विमोचन और कवि-सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ कवि और संस्थापक अध्यक्ष एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जायसवाल समाज के संभागीय अध्यक्ष उमेश जायसवाल, राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ के जिला समन्वयक राजेश तिवारी, कवयित्री मीना वर्मा और कवि डॉ. उमेश पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम में गीतकार पूनम दुबे वीणा ने सुमधुर स्वरों में सरस्वती-वंदना की प्रस्तुति दी।

निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति की ओर से प्रतिवर्ष किसी एक सरगुजिहा कवि को शॉल-श्रीफल और नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के लिए पुहपुटरा, लखनपुर निवासी वरिष्ठ कवि आनंदराम अकेला को सम्मानित किया गया।

## बोलेरो सवार अज्ञात चोरों ने घर से उठाए बकरा-बकरी

### रात के अंधेरे में वारदात, थाने में मामला दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** गांव में छट्ठी कार्यक्रम के दौरान अज्ञात चोरों ने एक किसान के घर के पास खड़े कमरे से दो बकरा और दो बकरी चोरी कर फरार हो गए। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब सभी ग्रामीण सो रहे थे। घटना से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश है।

एमसीबी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकड़ा (मौहारीपारा) निवासी किसान दीनू आत्मज स्व. बुद्धू सिंह ने बताया कि बकरा-बकरी अपने घर के किनारे स्थित एक कमरे में बांध रखे थे। 1 मई की रात गांव में मनोज के घर छट्ठी का कार्यक्रम था, जहां बाहर से भी लोग आए हुए थे। शाम करीब 7 बजे किसान ने अपने मवेशियों को कमरे में बांधकर दरवाजा बंद कर दिया था। रात 10 बजे के आसपास घर के सामने एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी आकर रुकी, जिसे उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों की गाड़ी समझकर नजर अंदाज कर दिया। उसी रात करीब 2 बजे अचानक बकरा-बकरी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, जिस पर किसान और उसकी पत्नी सुमित्रा बाहर निकले। उन्होंने देखा कि अज्ञात चोर उनके मवेशियों को बोलेरो में लोड कर रहे हैं। चिल्लाने पर उनका भाई राम गोपाल और पड़ोसी देवनारायण सिंह भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चोर दो बकरा और दो बकरी, जिनकी कीमत लगभग 20,000 रूपए बताई गई है, लेकर फरार हो चुके थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज आंधी से...

विशेषकर सब्जियों और दलहनों को आंशिक क्षति की जानकारी सामने आ रही है। वहीं दूसरी ओर तेज आंधी और बिजली गिरने की घटनाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। विद्युत विभाग की टीमें पुनः बहाली के प्रयास में जुटी हैं। एक हफ्ते से रोजाना बदल रहा मौसम- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण जिले में बीते कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला रहा। इस दौरान तेज हवाए चलने के साथ बे मौसम बारिश भी होती रही। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन रविवार से मौसम साफ हो जाएगा और दिन व रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी, इससे लोगों को फिर गर्मी से हलाकान होना पडेगा, इसके पूर्व कई दिनों तक मौसम का मिजाज बदले होने के कारण बे मौसम बारिश से मौसम खुशनुमा बना रहा और अधिकतम तापमान में गिरावट के कारण तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन उमस भरी गर्मी बरकरार थी। अब 4 मई से मौसम के पूरी तरह से साफ हो जाने के बाद सूर्य की तेज धूप शरीर को चुभने लगेगी, साथ ही धीरे-धीरे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होना भी शुरू हो जाएगा। इस वर्ष अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में मौसम खराब होने के कारण बादलों भरा मौसम एवं आंधी पानी बीच -बीच में होने से तापमान में गिरावट आई थी, लेकिन अब बादलों के हटते ही तेजी से अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होना शुरू हो जाएगा ,इससे तेज गर्मी के असर का सामना लोगों को करना पडेगा।

### वेस्ट चिरमिरी में...

घरों में गंदा पानी भर रहा है। टाइप क्वाटर्स के पास स्थित नाली की सफाई के दौरान निकला कचरा करीब 15 दिनों से नाली के ऊपर ही पड़ा हुआ है, जिसे हटाने की जहमत किसी ने नहीं उठाई। गंदगी के चलते क्षेत्र में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। नागरिकों ने नगर निगम और एसईसीएल से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है, लेकिन दोनों ही संस्थाएं एक-दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने में व्यस्त हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी इस गंभीर समस्या पर सवाल खड़े करती है। लोगों को अब स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ रहा है, और यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और भी बिगड़ सकती है।

### नवनिर्मित परशुराम चौक...

शामिल नहीं हो पाए, उनका भी योगदान समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण है। महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि महर्षि भवन तथा अन्य कक्षों का निर्माण वर्तमान विधायक एवं मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल के निरंतर प्रयासों से संभव हुआ है। साथ ही उन्होंने मंच से महापौर से यह आग्रह किया कि महर्षि भवन के सामने एक शेड का निर्माण कराया जाए। महापौर रामनरेश राय ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें प्रारंभ से ही ब्राह्मण समाज का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। उन्होंने कहा कि मैं आज जिस मुकाम पर पहुंचा हूं, उसमें ब्राह्मण समाज का बड़ा योगदान है। साथ ही उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि ब्राह्मण समाज द्वारा जो मांग रखी गई है, उसे पूरा करने के लिए वे अथक प्रयास करेंगे। प्रोफेसर भगवत प्रसाद दुबे ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज को न केवल स्वयं धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ी को भी धार्मिक शिक्षा देने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर संरक्षक डॉ.डीके उपाध्याय, डॉ.महेश मिश्रा, छोटेलाल पाराशर, आरपी शुक्ला, विदुर शर्मा, जितेन्द्र मिश्रा, नारायणी शक्ति अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश पाराशर, अरूणोदय पांडेय, विजय दुबे सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

### अब तक 49 ...

4 शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी, साथ ही योजनाओं की जानकारी एवं हितग्राही सामग्रियों का वितरण भी किया जाएगा। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, उज्जवला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, आय, जाति/निवास प्रमाण-पत्र, वनाधिकार पट्टा, शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रमुख रहेंगी। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी भी इन शिविरों में शामिल होकर जनता से सीधा संवाद करेंगे एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी लेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचे। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डीडी मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा इलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

समाज का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का दर्द रहित बिना इंजेक्शन के ऑपरेशन
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एकर्ष मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के आधुनिक व त्वरित इलाज सेवा द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन - 14अगस्त से 19 अगस्त (6 दिन)
श्री अयोध्या तीर्थयात्रा
प्रयागराज,वाराणसी, अयोध्या
राशि:-स्लीपर 8,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411